
CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRF User: cci Time: 03-10-2026 21:20 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 11 मार्च 2026 > फाल्गुन 20 शक 1947 चैत्र कृष्ण अष्टमी, विक्रम 2082 WATCH GOD WA

NB नवभारत

बनें बाइक रैली का हिस्सा
22 मार्च 2026
रविवार



# अब गुड़गांव में 22 मार्च को दिखेगी वुमन पावर

## दिल्ली के बाद अब गुड़गांव में एनबीटी ऑल वुमन बाइक रैली

22 मार्च 2026 को जब महिलाएं गुड़गांव की सड़कों पर उतरेंगी तो उनके हाथों में सिर्फ बाइक का हैंडल नहीं होगा, अपनी जिंदगी का स्टियरिंग भी होगा।



"महिलाओं का आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है, जब तक आप अपने पैरों पर खड़ी नहीं होंगी तब तक समाज में और औरतों को भी प्रेरणा नहीं दे पाएंगी। आज का समाज उस औरत का सम्मान करता है जो अपने आप को सम्मानित करे। बाइक ने मुझे जिंदगी जीना सिखाया है।

*-डॉ निहारिका यादव, सुपर बाइकर और डेंटल सर्जन*



"जब महिला अपनी राह खुद चुनती है, तो वह सिर्फ मंजिल तक नहीं पहुंचती वह औरों को भी आगे बढ़ने का हौसला दे जाती है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एनबीटी की ऑल वुमन बाइक रैली में गुड़गांव की सड़कों पर महिलाओं का जोश और रफ्तार दिखेगी। आप लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस रैली का हिस्सा बनकर महिला शक्ति का जश्न मनाएं।

*-सयाली भगत, मिस इंडिया (2004) और बॉलिवुड एक्ट्रेस*



"गुरुग्राम में आयोजित होने जा रही ऑल वुमन बाइक रैली नारी शक्ति के साहस, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का प्रेरणादायक प्रतीक है। आज की भारतीय नारी शिक्षा विज्ञान खेल उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और संकल्प से नई ऊंचाइयों को छू रही है। यह रैली महिलाओं के आत्मविश्वास और उनके अदम्य हौसले का उत्सव है। ऐसी पहलें समाज को यह संदेश देती है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती है तो समाज और राष्ट्र दोनों नई दिशा पाते है। मुझे विश्वास है कि यह आयोजन अधिक से अधिक महिलाओं और बेटियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए निर्भीक होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

*- विपुल गोयल, कैबिनेट मिनिस्टर (रेवेन्यू एंड डिजास्टर मैनेजमेंट, अर्बन लोकल बॉडीज एंड एविएशन) हरियाणा सरकार*

NBT ALL WOMEN BIKE RALLY 2026

**क्योंकि** औरतों की फितरत में ठहर जाना कभी लिखा ही नहीं गया। उन्होंने हमेशा आगे बढ़ना चुना है। कभी पैदल, कभी साइकिल पर और आज पूरे आत्मविश्वास के साथ बाइक और स्कूटी पर। सिर पर आंचल हो या हाथों में हेलमेट, औरतों ने हर दौर में अपनी पहचान को सिर्फ संजोया ही नहीं, उसे खुलकर दुनिया के सामने भी रखा है।

निर्भया कांड के बाद जब पूरे देश में यह सवाल उठ रहा था कि क्या महिलाएं सुरक्षित और बेखौफ होकर सड़कों पर निकल सकती हैं, उसी दौर में नवभारत टाइम्स की ऑल-वुमन बाइक रैली एक मजबूत संदेश बनकर सामने आई। यह सिर्फ एक इवेंट नहीं था, बल्कि उस सोच के खिलाफ एक आवाज थी जो महिलाओं को डर, संकोच और सीमाओं में बांधकर रखना चाहती है।

पिछले बारह सालों में यह रैली एक छोटे से प्रयास से बढ़कर एक प्रतीक बन चुकी है। हौसले, आजादी और आत्मविश्वास का प्रतीक। हर साल सैकड़ों-हजारों महिलाएं सड़कों पर उतरकर यह बताती रही हैं कि उनका हौसला किसी इजाजत का मोहताज नहीं है।

दिल्ली की सड़कों से शुरू हुई यह पहल अब नए शहरों तक पहुंच रही है। इसी कड़ी में इस साल नवभारत टाइम्स की ऑल वुमन बाइक रैली पहली बार गुरुग्राम की सड़कों पर भी उतरेगी। यह रैली एक बार फिर उस भरोसे को मजबूत करने का मौका बनेगी कि सड़कें भी महिलाओं की हैं, फैसले भी उनके हैं और मंजिलें भी।

NBT की ऑल-वुमन बाइक रैली हमेशा से महिलाओं की शक्ति, आत्मनिर्भरता और साहस का उत्सव रही है। पिछले वर्षों में इस मंच पर देश के कई प्रमुख नेताओं और जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी ने इसे और मजबूती दी है, लेकिन इसकी असली पहचान वे हजारों महिलाएं हैं जो हर साल इसमें हिस्सा लेकर इस सफर को आगे बढ़ाती हैं।

### ऐसे बनें हिस्सा

ऑल वुमन बाइक रैली में हिस्सा लेने के लिए 7003890071 पर AWBR लिखकर Whatsapp करें।

## शेयर करें अपनी कहानी

अगर आप भी संघर्षों से लड़कर जीतने वाली प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी हैं या दूसरों को सशक्त बनाने में आपने मदद की है तो आप भी हैं ड्राइविंग फोर्स ऑफ द नेशन। इस ऑल वुमन बाइक रैली के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं और हमें अपनी कहानी 300 शब्दों में लिखकर **nbtreader@timesofindia.com** भेजें। साथ ही अपनी एक फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में लिखें **Bike Rally**. सबसे प्रेरणादायक कहानियों को हम नवभारत टाइम्स में प्रकाशित करेंगे।

**दिल्ली में हुई जोरदार रैली के बाद** — **अब गुड़गांव में जमेगा रंग**

**जगह**
लेजर वैली, कंकरीट पार्किंग, सेक्टर-29, गुड़गांव


**तारीख**
22 मार्च 2026, रविवार

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 11-03-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP7 User: gagan.malhotra@timesofindia.co Time: 03-10-2026 19:57 Color:

सत्यमेव जयते
Government of India

# नम्मा तमिलनाडु

## नये भविष्य की आधारशिला



**ऊर्जा, राजमार्ग और ग्रामीण संपर्क से जुड़ी ₹5,655 करोड़ से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास तथा 5 ट्रेनों को हरी झंडी**

### ➔ उद्घाटन

- मनाली (चेन्नई) में इंडियनऑयल का ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्र
- तमिलनाडु में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तैयार 370.52 किमी लंबाई की सड़कें

### ➔ शिलान्यास

- नीलगिरि एवं इरोड जिले में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सिटी गैस वितरण परियोजना
- राष्ट्रीय राजमार्ग-81 के कल्लागम से मीन्सुरुट्टि खंड में गंगैकोंडा चोलापुरम के लिए बाईपास का निर्माण

### ➔ ट्रेनों को हरी झंडी

- नागरकोइल – चारलापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- पोडनूर (कोयंबटूर) – धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस
- रामेश्वरम – मंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस
- तिरुनेलवेली – मंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस
- मयिलादुथुरै – तिरुवारुर – कराईकुडी ट्रेन सेवा

# श्री नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री

द्वारा

**मार्च 11, 2026 | 17:30 बजे | पनजापुर, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु**

## परियोजनाओं के लाभ

**स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ जीवन:** नीलगिरि और इरोड में लगभग 30 लाख लोगों को सुरक्षित खाना पकाने और बेहतर परिवहन के लिए PNG और CNG की सुविधा मिलेगी।

**स्वच्छ हवा, बेहतर भविष्य:** $CO_2$ उत्सर्जन में 24% की कमी आएगी, जिससे वायु गुणवत्ता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**रोज़गार और आजीविका:** 22 लाख से अधिक मानव-दिवस के रोजगार का सृजन होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**वैश्विक औद्योगिक क्षमता:** चेन्नई के मनाली में विश्व के दूसरे सबसे बड़े एकीकृत ल्यूब कॉम्प्लेक्स के माध्यम से भारत की लुब्रिकेंट निर्माण क्षमता मजबूत होगी।


**गांवों की बेहतर कनेक्टिविटी:** 26,251 किमी सड़कों और 189 पुलों के माध्यम से ग्रामीण संपर्क में सुधार होगा।

**समुदायों का सशक्तिकरण:** महिलाओं के लिए सुरक्षित आवागमन, बच्चों के लिए स्कूल तक बेहतर पहुंच और किसानों के लिए कम यात्रा लागत सुनिश्चित होगी।

**तेज़ हाईवे, सुगम यात्रा:** राष्ट्रीय राजमार्ग-81 बाईपास के माध्यम से ट्रैफिक जाम कम होगा और यात्रा अधिक सुगम व तेज़ होगी।

**मजबूत रेल कनेक्टिविटी:** पांच नई ट्रेन सेवाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना के यात्रियों को लाभ होगा।







## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर** – राज्यपाल, तमिलनाडु
**श्री एम. के. स्टालिन** – मुख्यमंत्री, तमिलनाडु
**श्री नितिन जयराम गडकरी** – केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
**श्री शिवराज सिंह चौहान** – केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री
**श्री अश्विनी वैष्णव** – केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
**श्री हरदीप सिंह पुरी** – केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

**श्री वी. सोमन्ना** – केंद्रीय राज्य मंत्री, रेलवे तथा जल शक्ति
**श्री चंद्र शेखर पेम्मासानी** – केंद्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास और संचार
**श्री सुरेश गोपी** – केंद्रीय राज्य मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस
**डॉ. एल. मुरुगन** – केंद्रीय राज्य मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य
**श्री अजय टम्टा** – केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग
**श्री कमलेश पासवान** – केंद्रीय राज्य मंत्री, ग्रामीण विकास
**श्री रवनीत सिंह** – केंद्रीय राज्य मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग
**श्री हर्ष मल्होत्रा** – केंद्रीय राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा कॉर्पोरेट कार्य

**श्री आई. पेरियासामी** – मंत्री, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और पंचायत संघ, तमिलनाडु
**श्री एस. एस. शिवशंकर** – मंत्री, परिवहन और विद्युत, तमिलनाडु
**श्री ई. वी. वेलु** – मंत्री, लोक निर्माण विभाग, तमिलनाडु
**श्री के. एन. नेहरू** – मंत्री, नगर प्रशासन, शहरी एवं जल आपूर्ति, तमिलनाडु
**श्री अनबिल महेश पोय्यामोझी** – मंत्री, स्कूल शिक्षा, तमिलनाडु
**श्री ए. राजा** – सांसद

**श्री के. ई. प्रकाश** – सांसद
**श्री के. जयकुमार** – सांसद
**श्री दुरई वैको** – सांसद
**डॉ. थोल. थिरुमावलवन** – सांसद
**श्री तिरुचि एन. शिवा** – सांसद
**श्री इनिगो एस. इरुदयराज** – विधायक
**श्री एम. पलनियंडी** – विधायक

**डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण देखें**

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in